आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों क्रोएशिया, कनाडा और साइप्रस की ऐतिहासिक यात्रा संपन्न कर नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने क्रोएशिया में क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज़ प्लेंकोविच के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की, जिसमें वैश्विक शांति, लोकतांत्रिक मूल्यों व व्यापार प्रौद्योगिकी और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता पर बल दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रोएशिया में योग की बढ़ती लोकप्रियता की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि 21 जून का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे देश में उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

## योग दिवस

इस बीच 21 जून को आयोजित किए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेशभर में तैयारियां जोरों पर है। आयुष विभाग सहित अन्य सामाजिक संस्थाएं लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस वर्ष योग दिवस का थी है एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य के लिए योग। दूसरी ओर देशभर में योग दिवस के योग संगम कार्यक्रम के लिए अब तक 4 लाख से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया है। आयुष मंत्रालय के मुताबिक देश में पहली बार किसी कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में भागीदारी की पुष्टि हुई है।

## एक देश–एक चुनाव

एक देश–एक चुनाव पर मंथन के लिए शिमला पहुंची पी.पी चौधरी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति आज दूसरे दिन शिमला के समीप फागू में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, विधानसभा अध्यक्ष सहित विपक्ष के नेताओं से इस विषय को लेकर चर्चा करेंगी। समिति ने कल प्रदेश विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और वार काउंसलिंग के पदाधिकारियों से चर्चा की थी। गौरतलब है कि अब केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा की तरफ से एक देश–एक चुनाव करवाने को लेकर खुला समर्थन मिल रहा है। वहीं दूसरी तरफ विपक्षी व अन्य दलों में इसको लेकर अलग–अलग राय देखने को मिल रही है। एक देश–एक चुनाव को लेकर चर्चा में आए विषयों को सार्वजनिक नहीं करने की सलाह दी गई है। जिसके चलते समिति से संवाद करने वाले पदाधिकारियों की तरफ से इस विषय में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत साफ मौसम के साथ हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में प्री मानसून की 7 दशमलव 9 मिलीमीटर बारिश हुई है

जो सामान्य से एक सौ 12 प्रतिशत ज्यादा दर्ज की गई है। प्रदेश में जल्द ही मानसून के दस्तक देने की भी उम्मीद है।

*मौसम विभाग ने 21 से 23 जून तक भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। उम्मीद है कि 21 जून को मानसून प्रदेश में दस्तक दे सकता है। विभाग के अनुसार मानसून तय समय से तीन दिन पहले प्रदेश में पहुंच सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मौसम वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने कहा कि अगले दो–तीन दिनों में दक्षिण–पश्चिम मानसून प्रदेश में पहुंच जाएगा। इसके लिए स्थितियां पूरी तरह से अनुकूल बनी हुई हैं। पिछले 24 घंटों की अगर बात की जाए तो मंडी जिला में सर्वाधिक 26 दशमलव 4 मिलीमीटर बारिश हुई है। दूसरी ओर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने भी आगामी मानसून सीजन के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं पूनम भारद्वाज।*

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने का फैसला किया है। इसके लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत मतदाता सूची में नए मतदाताओं को शामिल करने या मौजूदा मतदाताओं के किसी भी विवरण में बदलाव के साथ ही नया पहचान पत्र 15 दिनों के भीतर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

मत्स्य पालन

प्रदेश में मत्स्य प्रजनन काल को देखते हुए मत्स्य आखेट की गतिविधियों पर 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः प्रतिबंध जारी है। यदि इस दौरान कोई भी मत्स्य आखेट करता हुआ पाया जाता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान भी किया गया है। प्रदेश के मत्स्य आखेट वाले स्थानों पर विशेष उड़नदस्तों से निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में कल कुल्लू में विशेष उड़नदस्तों ने बजौरा से लेकर कुल्लू तक सभी मछली विक्रेताओं व अन्य संबंधित दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान मत्स्य अधिनियम 2020 के तहत चार हजार रूपए जुर्माने के रूप में वसूल किए गए।